प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 13.07.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ0 डीवाई चंद्रचूड़ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के डॉ0 राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को किया संबोधित।
2. सीजेआई डॉ0 डीवाई चंद्रचूड ने कहा– क्षेत्रीय भाषा में कराई जानी चाहिय कानून की पढ़ाई।
3. बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण सात नदियां अलग–अलग जनपदों में खतरे के निशान से ऊपर पहुंची : बाढ़ से 17 जनपदों में जनजीवन प्रभावित।
4. छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कैबिनेट मंत्रियों के साथ आज अयोध्या में श्री रामलला के किए दर्शन।

और

5. कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती के उपलक्ष्य में आज सहारनपुर के सरसावा एयरफोर्स स्टेशन में पहली बार हुआ एयर–शो : सैनिकों ने दस हजार फीट पर बनाया तिरंगा।

——————————

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के डॉ0 राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के दीक्षांत

समारोह में छात्रों को डिग्रियां प्रदान की। इस मौके पर भारत के मुख्य न्यायाधीश डॉ डीवाई चंद्रचूड़ ने कानून की पढ़ाई को क्षेत्रीय भाषा में कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वह अक्सर देश के तमाम शिक्षाविदों से विचार विमर्श करते हैं कि कैसे कानून को सरल भाषा में पढ़ाया जा सकता है। अगर हम कानून के सिद्धांतों को सरल भाषा में आम जनता को नहीं समझा पा रहे हैं तो इसमें कानूनी पेशे और कानूनी शिक्षा की कमी नजर आती है। उन्होंने कहा कि डॉ0 राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय को जरूर हिंदी में एलएलबी कोर्स शुरू करना चाहिए। हमारे विश्वविद्यालयों में क्षेत्रीय मुद्दों से जुड़े कानूनों को भी पढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि न्याय की प्रक्रिया को आम लोगों के लिए आसान बनाया जा सके इसके लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा अंग्रेजी में दिए गए निर्णयों का भारत के संविधान में प्रचलित विभिन्न भाषाओं में अनुवाद किया जा रहा है। बाइट..........

*भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में मैंने ऐसे कई निर्देश दिये हैं स्कीम बनाई है जिससे न्याय की प्रक्रिया को आम लोगों के लिए आसान बनाया जा सके। उदाहरण के तौर पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा अंग्रेजी में दिए गए निर्णयों का, भारत के संविधान में प्रचलित विभिन्न भाषाओं में अनुवाद किया जा रहा है। जिससे आम जनता भी समझ सकें कि निर्णयों में आखिर लिखा क्या गया है। आज 1950 से लेकर 2024 तक सर्वोच्च न्यायालय के 37 हजार निर्णय है रिपोर्ट इंटरवेंशन है सारे 37 हजार जजमेंट का हिन्दी में अनुवाद हो गया है।*

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि बार और बेंच का बेहतर समन्वय बहुत महत्वपूर्ण है। एक आम जनमानस अधिवक्ता के पास एक उम्मीद लेकर आता है। किसी व्यक्ति से अधिवक्ता जहां कहीं भी साइन करने के लिए कहता है, वह साइन कर देता है, क्योंकि उसको विश्वास है और यह विश्वास ही आपकी सबसे बड़ी पूंजी है। यह विश्वास सामान्य नागरिक का बार और बेंच दोनों पर बना रहना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन की पहली शर्त, विधि का शासन है। बाइट...

*सुशासन की पहली शर्त है विधि का शासन, न्याय संगत व्यवस्था और न्याय समयबद्ध तरीके से हो, इसके लिए उस फील्ड के ज्ञाता उतने ही महत्वपूर्ण होते है विधि के शासन के लिए ही आज भारत जाना जा रहा है। रिसेप्शन गवर्नेंस आमजन की भावनाओं को बदलने के लिए देश और दुनिया की धारणा बदलने के लिए अत्यन्त बड़ी भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। इस अवसर पर इन विद्यार्थियों को आज उनकी डिग्रियाँ अवार्ड की गयीं हैं मै सभी विद्यार्थियों को ह्दय से बधाई देता हूं।*

कार्यक्रम में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण भंसाली, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह, प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

————————

बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदश की सात नदियां अलग–अलग जनपदो में खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। नदियों का जलस्तर बढ़ने के कारण

प्रदेश के 17 जनपद बाढ़ से प्रभावित है। इनमें लखीमपुर खीरी, गोंडा, बलरामपुर, कुशीनगर, शाहजहांपुर, बलिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, बाराबंकी, सीतापुर, बरेली, गोरखपुर, आजमगढ़, हरदोई, अयोध्या, मुरादाबाद और बहराइच शामिल हैं। प्रशासन की ओर से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के साथ ही राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। अधिकारी बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति पर नजर बनाये हुए हैं। गोरखपुर में जिलाधिकारी ने एसडीएम और तहसीलदार को बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर पीड़ितों को राहत कैम्प में पहुंचाने के निर्देश दिय हैं। हरदोई में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की टीमं तैनात करने को कहा है, ताकि बीमार लोगों को तत्काल मदद मिल सके।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में सड़कों पर डग्गामार या बिना परमिट की कोई बस चलती मिली तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ आज बैठक में निर्देश दिया कि प्रदेश में चल रही सभी यात्री बसों और स्कूल बसों का परमिट, फिटनेस, इंश्योरेंस और ड्राइवरों की गहनता से जांच की जाए।

मुख्यमंत्री के कड़े रुख के बाद परिवहन विभाग ने पूरे प्रदेश में एक माह तक डग्गामार और बिना परमिट वाले वाहनां के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान के निर्देश जारी कर दिये हैं।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

और अब समय है एक ब्रेक का – जिंगल

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ कैबिनेट के मंत्रियों ने अयोध्या पहुंचकर श्रीरामलला का दर्शन पूजन किया। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की नगरी है। भगवान राम का ननिहाल है। भगवान राम का आशीर्वाद लेने के लिए मंत्रिमंडल के साथ अयोध्या आए हैं।

——————————

कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती के उपलक्ष्य में आज सहारनपुर के सरसावा एयरफोर्स स्टेशन में पहली बार एयर–शो हुआ। सैनिकों ने 10 हजार फीट की ऊंचाई पर

तिरंगा बनाया और इंडियन एयरफोर्स का झंडा लहराया। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट..........

*वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चोधरी ने सहारनपुर में सरसावा वायुसेना स्टेशन पर कारगिल युद्ध के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर योद्धाओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर शहीदों के परिवारवालों को सम्मानित भी किया गया। सरसावा एयरफोर्स स्टेशन पर आयोजित एयर शो में मारक क्षमता वाले जेट विमानों ने अपने करतब दिखाए। एयर शो के दौरान आकाशगंगा टीम के कमांडो 10 हजार फीट की ऊंचाई से उतरे। एयर शो में जगुआर और सुखोई जैसे लड़ाकू विमानों समेत एमआई 17 हेलीकॉप्टर्स ने अपने हैरतअंगेज स्टंट दिखाए। एयर शो में वायु सेना के शौर्य और शक्ति का प्रदर्शन देखकर हजारों की संख्या में उपस्थित एनसीसी कैडेट्स, स्कूली बच्चों और नागरिकों ने रोमांचित महसूस किया।*

*विजयंत सैनी, आकाशवाण समाचार, सहारनपुर।*

————————

नीट पेपर लीक मामले में हजारी बाग के ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल अहसानुल हक और वाइस प्रिंसिपल इम्तियाज समेत 4 आरोपियों को सीबीआई की रिमांड पूरी होने पर पटना के बेउर जेल भेजा गया है। इसके साथ ही आज सीबीआई की टीम पटना में 13 आरोपियां को बेउर जेल से पूछताछ के लिए ले गई है, सभी से अलग–अलग पूछताछ की जाएगी।

————————

आगरा में कल से एक अगस्त तक एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में सेना भर्ती  रैली आयोजित होगी। आगरा का

सेना भर्ती कार्यालय तीन चरणों में भर्ती रैली आयोजित कर रहा है। पहले चरण में आगरा की अग्निवीर भर्ती रैली 12 जिलों आगरा, अलीगढ़, एटा, इटावा, फिरोजाबाद, हाथरस, जालौन, झांसी, कासगंज, ललितपुर, मथुरा और मैनपुरी के युवाओं के लिए आयोजित की जा रही है। दूसरे और तीसरे चरण में सोल्जर टेक्निकल– नर्सिंग असिस्टेंट और सिपाही फार्मा पदों के लिए उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सभी जिलों के युवा शामिल हैं। भर्ती रैली के दौरान लगभग 15,000 अग्निवोर, सैनिक नर्सिंग सहायक और सिपाही फार्मा उम्मीदवार कठोर चयन प्रक्रिया से गुजरेंगे।

——————————

पीलीभीत के पूरनपुर में संपूर्णता अभियान के तहत आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डायबिटीज की जांच के बाद दवाइयां वितरण की गईं। अभियान शुरू हाने से अब तक करीब 950 रोगियों की जांच की जा चुकी है। वहीं ललितपुर के गिरार गाँव के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में संपूर्णता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया।

(समाप्त)